प्रेस विज्ञप्ति

हर वर्ष की भॉति इस वर्ष भी जोधपुर शहर में ईदुल–फितर (मीठी ईद) का त्यौहार चांद दिखाई देने पर दिनांक 22.04.2023 को मनाया जायेगा। जालोरी गेट के बाहर स्थित मुख्य ईदगाह पर ईद की सामुहिक नमाज प्रातः 07.00 बजे अदा करना प्रारम्भ हो जायेगी। जिसके लिए सुबह 06.00 बजे से नमाज अदा होने के बाद यातायात व्यवस्था सामान्य होने तक यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगीः–

1. पुरी तिराया, चॉदशाह तकिया, रेल्वे स्टेशन से आर.आर. तिराहा होते हुए, ओलम्पिक तिराहा, महावीर कॉम्पलेक्स, गोल बिल्डिंग, 5वीं रोड़, सिवांची गेट, बालवाड़ी स्कूल, जालोरी बारी उपरोक्त सभी स्थानों से जालोरी गेट चौराहा की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतया बन्द रहेगा। इस क्षेत्र में केवल पैदल व्यक्तियों के आने–जाने की व्यवस्था रहेगी।
2. पावटा चौराहा से सरदारपुरा, चौपासनी की तरफ जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन पावटा से डाइवर्ट होकर ताराचन्द सर्किल, सर्किट हाउस रोड़, रातानाडा, रेजीडेन्सी रोड़, वी.सी. सर्किल, पी.डब्लुडी, रिक्तिया भैरूजी चौराहा, रोटरी चौराहा, एस.पी.एस. स्कूल मोड़ से डीआरएम खतरनाक पुलिया, 12वी रोड़, बोम्बे मोटर होकर चलेंगे।
3. चौपासनी रोड़ व सरदारपुरा क्षेत्र से नई सड़क की तरफ आने वाले समस्त प्रकार के वाहन 5वीं रोड़ चौराहा से मुड़कर सरदारपुरा डी रोड़, रोटरी चौराहा, रिक्तिया भैरूजी चौराहा एवं न्यू डीआरएम खतरनाक पुलिया, लोको रोड़ पुलिस लाईन के सामने होकर पावटा की तरफ आ सकेगें।
4. पावटा से सरदारपुरा, चौपासनी की तरफ जाने वाली सिटी बसें पावटा से डाइवर्ट होकर ताराचन्द सर्किल, सर्किट हाउस रोड़, रातानाडा की तरफ निकाला जायेगा। वापसी में चौपासनी रोड़ व सरदारपुरा क्षेत्र से नई सड़क की तरफ आने वाली सिटीबसें 5वीं रोड़ चौराहा से मुड़कर सरदारपुरा डी रोड़, न्यू डीआरएम खतरनाक पुलिया, लोको रोड़, पुलिस लाईन खासबाग के सामने से होकर कमला नेहरू कॉलेज, पावटा की तरफ डाईवर्ट की जायेगी।
5. मुख्य ईदगाह पर नमाज में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों के वाहनों की पार्किगं महावीर कॉम्पलेक्स एवं तारघर के पास रहेगी।
6. जालोरीगेट के अन्दर रहने वाले निवासियों का आवागमन एचजीएच से जालोरी गेट बारी, बालवाड़ी होते हुए आ–जा सकेगें।
7. सिवांची गेट से पुराना शहर के अन्दर से घण्टाघर व नागौरी गेट की तरफ वाहन आ–जा सकेगे।

आपातकालीन वाहनों का आवागमन किसी प्रकार से निषेध नहीं रहेगा।

(विनीत कुमार बंसल)
पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय एवं यातायात
जोधपुर